कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 18.03.2025

विषयः-थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा अपहरण के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर 15 वर्षीय नाबालिग लड़की बरामद किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक-17/03/2025 मुखबिर खास की सूचना के आधार पर थाना रामनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0-0042/2025 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संगम पुत्र वंशीलाल निवासी यादव नगर थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हाल पता 36वी पीएसी वाहिनी रामनगर वाराणसी व 15 वर्षीय अपहृता को सूजाबाद स्थित आनन्द ज्वैलर्स वाली गली के पास एक मकान से दिनांक-17/03/2025 को कारण गिरफ्तारी बताकर सम्बन्धित मु0अ0सं0-0042/2025 धारा 137(2)/87/65(1) बी0एन0एस0 व 5ठ/6 पास्को एक्ट में समय 21.45 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक 17/03/2025 समय- 21.45 बजे, आनन्द ज्वैलर्स वाली गली के पास थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

घटना का विवरणः- दिनांक 02/03/2025 को वादी मुकदमा ने लिखित सूचना दिया कि मेरी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष दिनांक 01/03/2025 को रात्रि लगभग 08.30 बजे से कही चली गयी जो वापस नही आयी के सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा दिये गये लिखित तहरीर के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0-0042/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

विवरण पूछताछः- संगम पुत्र वंशीलाल निवासी यादव नगर थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हाल पता 36वी पीएसी वाहिनी रामनगर वाराणसी पूछताछ पर बता रहा है कि साहब मैं वादी मुकदमा की 15 वर्षीय लड़की से प्यार करता था हम दोनों घर से भाग गये और शादी करके सूजाबाद स्थित किराये के मकान में पति पत्नी की तरह रहने लगे। जब मुझे पता चला की पुलिस हम लोगों को ढूढ़ रही है तब हम लोग छिप छिपकर रहने लगे लेकिन आप लोगों ने पकड़ लिया। साहब मुझसे गलती हो गयी। मैं अपने काम से शर्मिंदा हूँ। मुझे माफ कर दीजिए।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण- संगम पुत्र वंशीलाल निवासी यादव नगर थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हाल पता 36वी पीएसी वाहिनी रामनगर वाराणसी उम्र 35 वर्ष

<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास</u> –मु0अ0सं0-0042/2025 धारा 137(2)/87/65(1) बी0एन0एस0 व 5ठ/6 पास्को एक्ट थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री सुधीर कुमार यादव रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री ओम प्रकाश वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. उ0नि0 श्री शिवम सोनी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0उ0नि0 गरिमा गौतम थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 अश्वनी कुमार सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 बृजेश राय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 रणधीर गौड़ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी